संख्या-2

# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

( भाग-1 कार्यवाही-प्रश्नोत्तर )

शुक्रवार, तिथि 28 फरवरी 1986 ई० ।

विषय-सूची


| | पृष्ठ |
|---|---|
| प्रश्नों के मौखिक उत्तर | |
| तारांकित प्रश्नोत्तर संख्या 1,2 3,4,5,6,8,9,11 एवं 13 | 1—23 |
| परिशिष्ट -- प्रश्नों के लिखित उत्तर (नियम-89 (3) के अन्तर्गत | 24—46 |
| दैनिक निबंध ... ... | 47 |


टिप्पणी:--किन्हीं मंत्रियों एवं सदस्यों से उनके भाषण का संशोधन प्राप्त नहीं हुआ है ।

को, सरकार आवास निर्माण हेतु जमीन आवंटित करने का निर्णय लिया है।" अब इस समिति में कितने मेम्बर हैं और कितने नये हैं और कितने पुराने हैं, इसका जवाब सरकार द्वारा क्यों दिया जाय ?

श्री जय कुमार पालित—अध्यक्ष महोदय, मेरे प्रश्न का जवाब नहीं मिला। सरकार को देखना चाहिए। आखिर यह सरकार नहीं करेगी तो कौन करेगा ?

---

तारांकित प्रश्न संख्या–10 के संबंध में चर्चा

श्री जीतन राम मांझी--अध्यक्ष महोदय, इसके लिए समय चाहिए।

अध्यक्ष--स्थगित रहा। अगले दिन आयेगा।

(इस अवसर पर सदन में काफी शोरगुल)

---

भवन का निर्माण

*11 श्री युगेश्वर झा--क्या मंत्री, राजस्व विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बेनीपट्टी अनुमंडल की स्थापना अप्रील 1982 में की गई ;

(2) क्या यह बात सही है कि अनुमंडल कार्यालय बेनीपट्टी के लिए भूमि अधिग्रहण हेतु स्थल चयन समिति ने स्थल चयन कर अपनी अनुशंसा वर्ष 1984-85 में ही दे दी, फिर भी अभी तक भूमि अधिग्रहण नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार भूमि अधिग्रहण कर भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

श्री जीतन राम मांझी—(1) उत्तर स्वीकारात्मक है।

(2) वस्तुस्थिति यह है कि भूमि अधिग्रहण हेतु चयन समिति ने स्थल चयन कर अपनी अनुशंसा दे दी है लेकिन कतिपय भू-स्वामियों के द्वारा प्रस्तावित अर्जन के विरुद्ध सरकार के पास आपत्ति दायर किए जाने के फलस्वरुप आयुक्त, दरभंगा प्रमंडल के द्वारा इसकी जांच करायी जा रही है।